आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 16.05.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 22 मई को बीकानेर दौरे का कार्यक्रम–देशभर के 100 से ज्यादा आधुनिक रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगें
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से, पाकिस्तान को दी जाने वाली आर्थिक सहायता पर दुबारा विचार करने को कहां
- माउंट आबू में कल से ग्रीष्म महोत्सव की शुरूआत–तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और कई रोचक प्रतियोगिताएं होगीं
- प्रदेश में मई महीने में भी मौसम का मिला–जुला मिज़ाज–कई जगह आंधी–बारिश वहीं कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी का प्रकोपं

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 22 मई को बीकानेर दौरे का कार्यक्रम हैं प्रधानमंत्री देशनोक से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में तैयार किये गये 100 से अधिक आधुनिक रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेगें इस दौरान श्री मोदी आमजन को भी सम्बोधित करेगें समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी मौजूद रहेगें प्रधानमंत्री नाल हवाई अड्डे पर जवानों से संवाद करेगें और उनका देशनोक करणी माता मन्दिर जाने का भी कार्यक्रम हैं कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां की जा रही हैं प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आज जयपुर में बैठक लीं उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दियें

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष को पाकिस्तान को दी जा रही वित्तीय सहायता के बारे में दोबारा विचार करना चाहिएं उन्होंने कहा कि इस सहायता का बडा हिस्सा पाकिस्तान, आतंकवादी ढांचे को खडा करने में लगायेगां गुजरात के भुज में वायुसेना अड्डे पर सैनिकों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के समय में पाकिस्तान को आर्थिक सहायता देने का मतलब आतंकवादी गतिविधियों के लिए पैसा उपलब्ध कराना हैं रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की सराहना कीं उन्होंने कहा कि इसने देश–विदेश में सभी भारतीयों को गौरवान्वित किया हैं

उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने आतंकवाद के खिलाफ एक कडा संदेश दिया है और ये देश की सैन्य शक्ति को दर्शाता हैं

.........................

000

ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद सेना के जवानों के सम्मान में प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही हैं कोटा के रामपुरा में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसमें भाग लियां उधर किशनगढ स्थित राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में भी ऑपरेशन सिन्दूर के समर्थन में तिरंगा रैली निकाली गईं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आनन्द भालेराव ने कहा कि रैली में विद्यार्थियों, विश्वविद्यालय कार्मिकों के साथ–साथ ही आसपास के गांव के लोगों ने भी बढ–चढकर हिस्सा लियां राज्य में विभिन्न रेल्वे स्टेशनों को भी तिरंगी रोशनी से सजाया गया हैं डूंगरपुर में देव सोमनाथ मंदिर पर विशेष सजावट की गई हैं आकाशवाणी से भी इसी सिलसिले में विशेष कार्यक्रम प्रसारित हो रहे हैं एक कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्नल अनिल माथुर ने युवाओं से ऑपरेशन सिन्दूर से प्रेरणा लेते हुए देश सेवा को सर्वोपरि रखने की अपील की हैं

...............

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में संस्कृत के विद्वान स्वामी रामभद्राचार्य को वर्ष 2023 का 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान कियां स्वामी रामभद्राचार्य और प्रसिद्ध उर्दू कवि तथा गीतकार गुलज़ार को 2023 के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया हैं इस अवसर पर राष्ट्रपति ने दोनों साहित्यकारों को बधाई दीं स्वामी रामभद्राचार्य ने पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके साहित्यिक कार्यों को मान्यता मिली हैं

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए हर व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक हैं उन्होंने कहा कि नये भारत को श्रेष्ठ बनाने और निरन्तर आगे बढ़ाने के लिए सभी को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिएं श्री देवनानी आज जयपुर में पत्रकार सम्मान समारोह में बोल रहे थें पत्रकार मनोज माथुर की स्मृति में ये अवार्ड समारोह रखा गयां प्रिन्ट श्रेणी में अवधेश आकोदिया, इलेक्ट्रॉनिक में महेश दाधीच और डिजिटल मीडिया में सौरभ भट्ट को सम्मानित किया गयां श्री देवनानी ने कहा कि पत्रकारों की भूमिका लोकतंत्र में महत्वपूर्ण होती हैं उन्होंने पत्रकारों से देशभक्ति की भावना जगाने और सकारात्मक वातावरण बनाने का आग्रह कियां

..................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी के प्रवास पर हैं उन्होंने आज कोटा में जनसुनवाई कीं इस दौरान उन्होंने गंभीरता से लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दियें उन्होंने स्थानीय मुद्दों पर क्षेत्रवासियों से संवाद भी कियां मीडिया से बातचीत में श्री बिरला ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद आवश्यक है इससे कई समस्याओं का समाधान होता हैं

...............

माउंट आबू में कल से ग्रीष्म महोत्सव की शुरूआत हो रही हैं तीन दिन के इस उत्सव में राजस्थानी संस्कृति, बहुरंगी परम्पराओं के साथ कई रोचक प्रतियोगिताएं देखने को मिलेगीं हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान नक्की झील पर नौका दौड़ का आयोजन भी किया जाएगां

.................

प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कई कदम उठा रही हैं अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने इसी कड़ी में चित्तौडगढ़ जिले में अब तक पांच सोलर प्लांट लगाये हैं कुसुम योजना के तहत लगे इन संयंत्रों से चालीस हजार यूनिट बिजली उत्पादन शुरू हो गया हैं ये प्लांट जिले के साडास, जावदा, बांगेडाघाटा और इन्दौरा में लगाये गये हैं आने वाले समय में डिस्कॉम की ओर से जिले में 38 मेगावॉट के 25 प्लांट और लगाये जायेगें जिससे बिजली उत्पादन में काफी बढ़ोतरी होगीं

000

खेलो इण्डिया यूथ गेम्स में इस बार राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन किया हैं हाल ही में सम्पन्न हुए इन खेलों में 24 स्वर्ण, 12 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर राजस्थान तीसरे स्थान पर रहां राजस्थान राज्य खेल परिषद् के प्रबंधक रण विजय सिंह ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि राज्य के खिलाड़ियों ने पिछले साल तमिलनाडू में हुए खेलो इण्डिया यूथ गेम्स के मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन किया हैं उन्होंने बताया कि राजस्थान ने सबसे ज्यादा 14 पदक साईकिलिंग में हासिल किये हैं

...............

प्रदेश में आज कई जिलों में लू का असर रहां वहीं कुछ इलाकों में आज आंधी–बारिश की संभावना हैं इनमें भीलवाड़ा, बूंदी, कोटा, टोंक, दौसा, अलवर और भरतपुर शामिल हैं हनुमानगढ, बीकानेर, श्रीगंगानगर और जोधपुर सहित कई स्थानों पर आज भीषण गर्मी और हीटवेव के प्रकोप से लोग बेहाल हुएं वहीं श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 45 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआं वहीं उदयपुर और बांसवाड़ा में कई स्थानों पर हल्की बरसात हुई मौसम विभाग ने अगले दो दिन प्रदेश के 10 जिलों में आंधी और बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया हैं इनमें कोटा और उदयपुर संभाग के कई जिले शामिल हैं वहीं राज्य के पश्चिमी हिस्सों में तेज गर्मी और लू का असर बना रहने के आसार हैं बीते चौबीस घंटों में 9 शहरों में पारा 43 डिग्री सेल्सियस के ऊपर मापा गयां

000

रणथम्भौर बाघ परियोजना से एक बार फिर खुशखबरी मिली हैं फलोदी रेंज में बाघिन टी 2302 के 3 नये शावक देखे जाने की पुष्टि हुई हैं वन विभाग ने इसकी प्रभावी निगरानी के निर्देश दिये हैं नये शावकों के देखे जाने से वन्यजीव प्रेमियों और पर्यटन व्यवसाइयों में उत्साह का माहौल हैं

000

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस हैं इसका उद्देश्य लोगों में डेंगू बुखार के साथ–साथ अन्य वैक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूकता बढाना हैं

................